आओ जानें

आइए, विशेषण शब्दों की पहचान करना सीखें –

वाक्य में विशेषण पहचानने के लिए संज्ञा की किसी विशेषता या उसके विषय में 'कैसा', 'कितना' आदि लगाकर प्रश्न किए जाते हैं। आइए, इसे कुछ उदाहरणों से समझते हैं।

कितनी लड़कियाँ — कुछ	कितने बच्चे — चार
कैसी गरदन — लंबी	कैसी नृत्यांगना — कुशल

इन वाक्यों में 'कैसा' या 'कितना' प्रश्न करने पर उत्तर में प्राप्त 'कुछ, चार, लंबी, कुशल' शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बता रहे हैं, अत: ये सभी शब्द विशेषण के उदाहरण हैं।

अभ्यास 1

दिए गए वाक्यों में आए विशेषण शब्दों पर गोला लगाइए।

क. ठंडे और मीठे आम मुझे पसंद हैं।

ख. इस गाँव तक टेढ़े-मेढ़े रास्ते से पहुँचा जा सकता है।

ग. बाग में सुंदर फूल खिले हैं।

घ. सूखे पेड़ भी बरसात में हरे-भरे हो जाते हैं।

ङ. देश में घने जंगल कम होते जा रहे हैं।



Scanned by CamScanner

आइए, विशेष्य के बारे में जानें –

विशेष्य

वाक्य में, जिन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताई जाती है, वे विशेष्य कहलाते हैं, जैसे– 'कमल के पास बहुत सारे खिलौने हैं।' वाक्य में संज्ञा शब्द 'खिलौने' विशेष्य है जिसकी विशेषता विशेषण शब्द 'बहुत सारे' द्वारा बताई गई है। नीचे दिए गए रंगीन शब्दों को ध्यानपूर्वक पढ़िए –

सुंदर चित्र, लाल गाड़ी, बड़ा घर, नीला आसमान

आइए, इन्हें विशेषण तथा विशेष्य में वर्गीकृत करें –

विशेषण	विशेष्य
सुंदर	चित्र
लाल	गाड़ी
बड़ा	घर
नीला	आसमान

यहाँ 'चित्र' के लिए 'सुंदर', 'गाड़ी' के लिए 'लाल', 'घर' के लिए 'बड़ा', 'आसमान' के लिए 'नीला' विशेषण शब्द लगाए गए हैं। इन उदाहरणों में चित्र, गाड़ी, घर, तथा आसमान संज्ञा शब्दों की विशेषताएँ बताई गई हैं, अतः ये शब्द विशेष्य हैं।

अभ्यास 2

दी गई आकृति में विशेषण तथा विशेष्य शब्द मिल गए हैं। उनके जोड़े बनाकर लिखिए।

लंबा, रोचक, खट्टा, चौकोर, दही, कहानी, रास्ता, मैदान

विशेषण	विशेष्य
______	______
______	______
______	______
______	______

E-DAC लर्निंग सिस्टम

Scanned by CamScanner

विशेषण के भेद

विशेषण चार प्रकार के होते हैं–



गुणवाचक विशेषण

बाग मे रंग-बिरंगे फूल खिले हैं। काली कोयल मीठे स्वर में गा रही है। पपीहे की मधुर आवाज़ सभी को आकर्षक लगती है। वातावरण बहुत सुंदर है।

दिए गए गद्यांश में 'रंग-बिरंगे', 'काली', 'मीठे', 'मधुर' तथा 'सुंदर' विशेषण शब्द बाग में उपस्थित वस्तुओं तथा प्राणियों के गुण, रंग आदि बता रहे हैं। अत: ये शब्द गुणवाचक विशेषण के उदाहरण हैं।

परिभाषा

जो विशेषण संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के गुण, अवस्था, रंग, रूप, आकार आदि का बोध कराते हैं, वे **गुणवाचक विशेषण** कहलाते हैं।

Scanned by CamScanner